समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# 2027 तक भारत मे एंआई एजेट्ंस का बढ़ेगा वर्चस्व, डिजिटल लेबर बनेगा नई कार्य संस्कृति की रीढ़।

Publisher | Published on 29 May 2025




## रिपोर्ट मे दंावा – 2027 तक 383% तक बढ़ सकता है Agentic AI का इस्तेमाल, HR सेक्टर मे कंाम करने का तरीका बदलेगा।

**नई दिल्ली :** भारत में आने वाले वर्षों में कार्यस्थलों पर **एजेटिंक आर्टिफिशियल इंटेलिजेसं (Agentic AI)** की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाएगी। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, **2027 तक देश मे एंजेटिंक एआई** को अपनाने की दर में 383 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

यह रिपोर्ट अमेरिका की प्रसिद्ध क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी **Salesforce** द्वारा जारी की गई है, जिसमें **200 वैश्विक CHROs (Chief Human Resource Officers)** की राय ली गई है। रिपोर्ट बताती है कि अब डिजिटल लेबर महज एक ट्रेंड नहीं, बल्कि बिज़नेस की आवश्यक आधारशिला बनता जा रहा है।

### Agentic AI: भविष्य का कर्मचारी

Agentic AI ऐसी प्रणाली है जो इंसानी हस्तक्षेप के बिना, अपने आप निर्णय लेकर कार्य कर सकती है। यानी मशीनें अब सिर्फ इंसानों की मदद नहीं करेंगी, बल्कि स्वतंत्र रूप से निर्णय लेकर काम भी करेंगी।

भारत में कई **HR** प्रमुखों का मानना है कि **AI** के साथ काम करने के लिए कर्मचारियों को नई **सॉफ्ट स्किल्स, जैसे टीमवर्क, लचीलापन** और **संवाद कौशल** की और अधिक ज़रूरत होगी। रिपोर्ट बताती है कि **88% HR अधिकारी** अपने कर्मचारियों को **AI** के साथ तालमेल बिठाने के लिए री-स्किल करने की योजना बना रहे हैं।

### CHROs की सोच मे बंदलाव

रिपोर्ट से यह भी पता चला कि भारत के लगभग **85% HR लीडर्स** इस बात को स्वीकार करते हैं कि आने वाले वर्षों में **मानव कर्मचारी** और **डिजिटल एजेट** साथ-साथ काम करेंगे। हालांकि, वर्तमान में केवल **12% संगठन** ही पूरी तरह से **Agentic AI** को अपना पाए हैं।

### प्रशिक्षण और पुनर्निर्माण की ज़रूरत

Salesforce की **प्रेसिडेंट** और **चीफ पीपल ऑफिसर नाथाली स्कार्डिनो** ने कहा, "हर संगठन को अपनी जॉब प्रोफाइल्स फिर से डिज़ाइन करनी होंगी। कर्मचारियों को तकनीकी, रणनीतिक और मानवीय कौशल का संतुलन सीखना होगा ताकि वे डिजिटल बदलाव के इस दौर में सफलता प्राप्त कर सकें।"

रिपोर्ट में यह भी उजागर हुआ कि 60% से अधिक भारतीय कर्मचारी अभी भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि **AI** उनकी नौकरी को कैसे प्रभावित करेगा।

## AI के साथ काम का भविष्य

**एजेंटिंक एआई** का बढ़ता प्रभाव यह दर्शाता है कि निकट भविष्य में भारत की कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उत्पादकता बढ़ेगी, लेकिन साथ ही आवश्यक होगा कि मानव संसाधनों को **स्मार्ट टेक्नोलॉजी** के साथ समायोजन करना आए।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.